राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर

–: प्रेस–नोट :– **दिनांक :– 08.02.2016**

माननीय उच्च न्यायालय, जयपुर द्वारा एस.बी.सी. रिट पिटीशन नं. 18373/2015 अशोक कुमार मीना बनाम् राज्य व अन्य में सुनवाई दिनांक 05.02.16 के दौरान दिये गये निर्देशों की अनुपालना में आयोग द्वारा दिनांक 31.10.2015 को आयोजित राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवाएं संयुक्त (प्रारम्भिक) परीक्षा, 2013 की उत्तर कुंजी जो कि आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध प्रश्न–पत्र के अनुसार दिनांक 08.02.2016 को जारी की गयी है, यदि किसी भी अभ्यर्थी को उक्त प्रश्नों अथवा उत्तर कुंजी पर कोई आपत्ति हो तो दिनांक 09.02.2016 से दिनांक 11.02.2016 को रात्रि 12.00 बजे तक अपनी आपत्ति ऑनलाईन आयोग की वेबसाईट पर दर्ज करवा सकता है। **आपत्तियाँ केवल ऑनलाइन ही प्रस्तुत करें। ऑनलाइन आपत्तियों का लिंक दिनांक 09.02.2016 से दिनांक 11.02.2016 को रात्रि 12.00 बजे तक ही उपलब्ध है, उसके पश्चात् लिंक निष्क्रिय हो जाएगा। अन्य किसी माध्यम से भेजी गई आपत्तियाँ स्वीकार नहीं की जाऐंगी। आपत्तियाँ केवल एक बार ही ली जाएंगी। ऑनलाइन आपत्तियों के लिये पोर्टल rpsc.rajasthan.gov.in/examobjection या लिंक rpsconline.rajasthan.gov.in पर भी उपलब्ध हैं, को अभ्यर्थी क्लिक करें।** आपत्ति प्रामाणिक (Standard, Authentic) पुस्तकों के प्रमाण सहित ऑनलाईन संलग्न करें । वांछित प्रमाण संलग्न नहीं होने की स्थिति में आपत्तियों पर विचार नहीं किया जावेगा।

सचिव